हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 28 मई, 2025



# जिपं सदस्यों को निष्कासित करना पड़ा भारी, पीसीसी ने थमाई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस

## ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में लिए गए निर्णय को लेकर मचा बवाल, प्रदेश संगठन ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी में बैठक में जिला पंचायत सदस्य विभा साहू और महेन्द्र यादव को निष्कासित करने का फैसला लेना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन दास साहू को भारी पड़ गया। अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर निष्कासन का ऐलान करने के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब-तलब किया है। पीसीसी की इस कार्रवाई से विधायक दलेश्वर साहू के समर्थकों में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव में पिछले गुरुवार को विधायक दलेश्वर साहू की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत सदस्य विभा साहू और महेन्द्र यादव को जिला पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने का आरोप लगाते छह साल के लिए निष्कासित करने का ऐलान कर दिया था। इसी बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ भी निंदा प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस नेताओं ने एक तरह से अनुशासनहीनता की हद पार कर दी थी। इस मामले के सामने आने के बाद से ही जिले में कांग्रेस में दो फाड़ के हालात भी निर्मित हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन दास साहू को नोटिस जारी किया है। पीसीसी ने तीन दिनों के भीतर जवाब देने के आदेश भी दिए हैं।

### संगठन की छवि धूमिल

पीसीसी द्वारा जारी की गई नोटिस में साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि जिला अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना और जिला पंचायत के दो सदस्यों को निष्कासित करने से कांग्रेस संगठन की छवि धूमिल हुई है। बिना पीसीसी से चर्चा और विश्वास में लिए बगैर ही लिया गया यह निर्णय अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।


विभा साहू और महेंद्र यादव को निष्कासित करने के निर्णय से मचा बवाल
विधायक की मौजूदगी में निष्कासन का निर्णय, पीसीसी ने कहा: अधिकार नहीं

### जानकारी नहीं

पीसीसी द्वारा जारी की गई संबंधित नोटिस अभी तक मुझे नहीं मिली है। उक्त नोटिस मिलने के बाद ही इस मामले में मैं कुछ कह पाऊंगा।

**- चेतन दास साहू**
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस

### नोटिस जारी

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। ब्लॉक अध्यक्ष को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब-तलब किया गया है।

**- मलकीत सिंह गैंदू**
प्रभारी, महामंत्री

### जांच की भी उठी मांग

विधायक दलेश्वर साहू के समर्थकों द्वारा इस मामले में जांच की मांग की गई है। उनका कहना है कि जिला पंचायत चुनाव में ब्लॉक संगठन ने जिन्हें अधिकृत करने का निर्णय लिया था, उनका नाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पीसीसी के पास नहीं भेजा था। जिसके चलते वहां क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश की स्थिति रही और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

---

## खबर संक्षेप

### गैंदाटोला थाना का एसपी ने किया निरीक्षण




**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने 27 मई को जिले के गैंदाटोला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया एवं जवानों की समस्याएं भी सुनी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग थाना गैंदाटोला पहुंचकर थाना का रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। थाना की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा देखा। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। थाना भवन का भी निरीक्षण किया। थाना में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

---

### दो महीने बाद मामले का खुलासा, एक दोस्त के साथ पति ने की थी हत्या

# इंजीनियर पति ने व्याख्याता पत्नी को मारी ठोकर, सांस चलने पर रॉड से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के शेरपार हाईस्कूल में पदस्थ गणित की व्याख्याता बरखा वासनिक की मौत मामले में नया खुलासा सामने आया है। मृतिका की मौत नेशनल हाइवे के सड़क हादसे में नहीं, बल्कि उनके ही इंजीनियर पति द्वारा रची गई एक घातक हत्याकांड की व्यूरचना थी। बालोद पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसका जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर तथा बालोद जिला के दल्लीराजहरा सीमा पर स्थित ग्राम शेरपार हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षिका बरखा वासनिक 35 वर्ष तथा स्कूल में पदस्थ भृत्य मथुरा मंडावी 22 मार्च शनिवार शाम 4.30 बजे छुट्टी होने के बाद नेशनल हाईवे 930 से वापस दल्लीराजहरा दुर्ग की ओर जा रहे थे। इसी दरमियान दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के हितकसा मंदिर के पास दोनों स्कूटी सवार महिलाओं को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी थी। दर्दनाक हादसे में व्याख्याता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भृत्य मथुरा मंडावी को गंभीर चोंट आई। अज्ञात गाड़ी के रौंदने से मौत होने का मामला पंजीबद्ध कर दल्लीराजहरा पुलिस विवेचना शुरू की ही थी। हालांकि इस मामले में परिजनों ने अपनी बेटी की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त किया था। इस दिशा में जब जांच की गई तो इस हत्याकांड के पीछे विद्युत मंडल में पदस्थ इंजीनियर पति शीशपाल वासनिक व अन्य एक आरोपी निकला।

## स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थी मृतिका, एक सहयोगी हुई थी घायल


मृतिका


आरोपी



### लोहे के रॉड से हमला

बोलेरो से टक्कर मारे जाने के बाद बरखा और प्यून गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान बरखा की सांसे चल रही थी। इसके बाद शीशपाल बोलेरो से नीचे उतरा, गाड़ी में रखे लोहे के रॉड से उस पर ताबड़तोड़ हमला किया। जिसके चलते शिक्षिका का मौके पर ही मौत हो गई। पहली नजर में यह मामला महज एक सड़क हादसा लग रहा था।

### फुटेज और नंबर से पकड़ाया आरोपी

इस सड़क हादसे के बाद परिजनों ने दल्लीराजहरा थाना से लेकर एसपी कार्यालय बालोद के लगातार चक्कर काटते रहे। सीसीटीवी फुटेज बोलेरो नंबर स्कूल के बच्चों के दिए गए बयान के बाद दल्लीराजहरा पुलिस ने जांच दोबारा शुरू की, जहां से पता चला कि पति-पत्नी के बीच अनबन थी। दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे। पत्नी बच्चों को लेकर दुर्ग में अलग रह रही थी। इस बात से इंजीनियर शीशपाल वासनिक नाराज था, पत्नी को मारने की साजिश रची। बरखा के आने-जाने की टाइमिंग, रास्ता, रोजमर्रा की आदतों की रेकी कर एक साथी के साथ मिलकर 22 मार्च को इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

### पति-पत्नी के बीच था विवाद

मृतिका बरखा वासनिक के 7 वर्ष की बेटी तथा 6 वर्ष का बेटा है। मृतिका के पति शीशपाल वासनिक बिजली विभाग में कार्यरत है। जिससे पारिवारिक विवाद होने के कारण शिक्षिका अपने मायके शंकर नगर दुर्ग में अपने दोनों बच्चों के साथ रहती थी। वहीं घायल मथुरा मंडावी 45 वर्ष ग्राम परसोदा बालोद की निवासी है। दोनों स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात स्कूटी से दल्लीराजहरा दुर्ग की ओर आ रहे थे।

### जल्द होगा खुलासा

दल्लीराजहरा पुलिस ने पति शीशपाल और उसके एक सहयोगी को इस हत्याकांड के मामले में हिरासत में लिया है। पूरे मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

**- एसपी मोनिका ठाकुर,** बालोद

---

# नाबालिग से कुकर्म आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



एक नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 25 मई को थाना में लिखित आवेदन पेश किया कि 25 मई की सुबह 7 बजे घर से खाना लेकर काम पर गया था। घर में पीड़िता थी। प्रार्थी की पत्नी का ईलाज राजनांदगांव में पिछले दो माह से चल रहा है। काम खत्म करके अपने घर वापस आ रहा था, तब प्रार्थी का छोटा भाई व अन्य रिश्तेदार मिले, जो बोले की तुम्हारे घर में कोई मेहमान आया है क्या, तब प्रार्थी बोला घर में पीड़िता ही है और तो कोई नहीं है, चलो चलकर देखते हैं, बोलकर उन सभी के साथ घर गए और पीड़िता को आवाज लगाते हुए अंदर घुसे तो पीड़िता के साथ में कौशल पुरामे आपत्तिजनक स्थिति में था। जिसको प्रार्थी व अन्य लोग पकड़कर रखे और पीड़िता से पूछताछ किए तो वह बताई कि कौशल पुरामे लगभग दो माह से उसको बहला-फुसलाकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया है, तब कौशल को थाना ला रहे थे कि कौशल हाथ छुड़ाकर भाग गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

नाबालिग पीड़िता के साथ कौशल पुरामे ने बलात्कार किया है कि रिपोर्ट थाना खड़गांव में धारा 64, 332 (बी), बीएनएस 4, 6 पॉक्सो कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के नामजद आरोपी का पता तलाश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर गवाहों के समक्ष घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो अपना जुर्म स्वीकार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को 26 मई को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

---

# वाहन चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




बलेनो वाहन को दूसरी चाबी से चालू कर चोरी करने के आरोपी को बसंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से वाहन को बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी विनय कुमार 22 साल निवासी नंदई चौक द्वारा शिकायत आवेदन पत्र की जांच पर पाया कि मोहम्मद शाद निवासी नंदई कुंआ चौक राजनांदगांव द्वारा प्रार्थी के वाहन बलेनो को प्रार्थी को बिना बताए दूसरी चाबी से चालू कर चोरी की नीयत से ले गया है। मोहम्मद शाद से उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर टालमटोल कर प्रार्थी को 4 माह तक घुमाते रहा तथा अभद्रापूर्वक व्यवहार कर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। शिकायत आवेदन पत्र की जांच पर थाना बसंतपुर में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। , एसपी मोहित गर्ग के मार्गदर्शन पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी सरगार्मी से की जा रही थी।

### दुर्ग से पुलिस ने हिरासत में लिया

इस मामले में मुखबीर की सूचना पर आरोपी को भिलाई जिला दुर्ग से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के निशानदेही पर से चोरी गई वाहन बलेनो जब्त कर आरोपी मोहम्मद शाद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

---

# गाली गलौज के मामले में बसपा नेता गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** रंजिश के चलते प्रार्थिया के घर का दरवाजा खटखटाने एवं गाली-गालौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन अनावेदकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली में प्रार्थिया के घर जाकर उसके पति राकेश खंडेलवाल से पुरानी रंजिश व विवाद की बात को लेकर आरोपियों ने प्रार्थिया के मकान के बंद दरवाजे को जोर-जोर से लात से मारकर, खटखटाकर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दिए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार 27 मई को अनावेदकों शमशुल आलम 35 वर्ष तुलसीपुर बख्तावर चाल, शुभम भालाधरे 30 वर्ष बख्तावर चाल तुलसीपुर, मुकेश साहू 33 वर्ष तुलसीपुर रेलवे फाटक के पास को पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर जुर्म जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया था। आवेदक एवं अनावेदकों के बीच पुराना वाद-विवाद को लेकर आए दिन दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति निर्मित होते रहती है। मोहल्ले में अशांति की स्थिति निर्मित होते रहती है। जिससे आमजनों में अनावेदकों के प्रति काफी आक्रोश देखी जा रही है। लिहाजा अनावेदकों के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक 70/177 धारा 170, 126/135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत इस्तगासा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां अनावेदकों का जेल वारंट मिलने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

---

# रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी गोरेलाल साहू 52 वर्ष पता क्लब चौक ने थाना में लिखित आवेदन पेश किया कि वह अपने अन्य साथी संतोष देवांगन, सतीश देवांगन, उदय कुमार साहू एवं दयानंद साहू द्वारा आरोपी राजेश साहू 38 साल निवासी डोंगरगढ़ इंदिरा नगर द्वारा रेलवे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर नगद एवं ऑनलाइन के माध्यम से कुल 1700000 रुपए लेकर नौकरी नहीं लगाया एवं रकम को भी वापस न देकर धोखाधड़ी किया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा-318 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी राजेश साहू 38 वर्ष को घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार कर रेलवे विभाग में नौकरी लगा देने के नाम से 1700000 रुपए अलग-अलग लोगों से लेना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

---

### मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव संगठन की मांग

# मेडिकल कॉलेज मोड़ पर चौक बनाने की उठी मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव संगठन के लोगों ने शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मोड़ के समीप प्रशासन से चौक निर्माण करने की मांग करते कलेक्टरोट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव राहुल कुमार देवांगन ने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल से डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया और तुमड़ीबोड़ की ओर जाने वाले लोग रॉन्ग साइड से होकर गुजरते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। एमआर लोगों ने मांग की है कि उन्होंने अपने मेडिकल हॉस्पिटल जाने वाले मोड़ पर चौक निर्माण किया जाए। जिससे दुर्घटनाएं थमेगी और लोगों को रॉग साईड से होकर नहीं जाना पड़ेगा।

### साइन बोर्ड लगाने की भी रखी गई मांग

मेडिकल कॉलेज अस्पताल मोड़ के पास कोई भी साइन बोर्ड नहीं होने को लेकर यहां ग्लोसाइन बोर्ड लगाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा है कि रात के वक्त कोई दिशा सूचक और बोर्ड नहीं होने से दिक्कत होती है।रात्रिकालीन एम्बुलेंस चालकों को मेडिकल कॉलेज मोड दिखाई नहीं देता है। ऐसे में यहां पर एक साइन बोर्ड लगाया जाए। जिससे मेडिकल कॉलेज का रास्ता मालूम पड़े।

### आवागमन के लिए चौक जरूरी

मेडिकल रिप्रेजेंटिव लोगों ने बताया कि चौक की मांग को लेकर उन्होंने नेशनल हाईवे को भी पत्र लिखा है। उनकी मांग है कि यहां रेवाडीह से बड़ा चौक बनाया जाए, ताकि सुरक्षित आवागमन हो सके। वहीं चौक पर सीसीटीवी कैमरे सहित सुरक्षा की अन्य व्यवस्था करने मांग की है।

### लाइट रहता है बंद

अक्सर मेडिकल कॉलेज अस्पताल मोड़ के समीप स्ट्रीट लाइट बंद रहने के चलते दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं सड़क पर मवेशी भी बैठे रहती है। जिससे कई बार मोटर साइकिल सवार गिरकर घायल हुए हैं। वहीं बीते कुछ महीनों पूर्व यहां अज्ञात ट्रक की ठोकर से पांच मवेशियों की मौत भी हुई थी।

---

## शनिधाम समिति द्वारा किया गया आयोजन, रानीसागर तट हुआ जगमग

# ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रही शनि जयंती की पूर्व संध्या, दीयों से हुआ रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान शनि जन्म उत्सव के अवसर पर सोमवार की रात्रि शहर के रानीसागर स्थित शनि धाम में दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन ऑपरेशन सिन्दूर को समर्पित रहा। यहां श्रद्धालुओं ने लगभग एक लाख दीये प्रज्जवलित कर दीयों से धार्मिक आकृतियां बनाने के साथ ही भारतीय सेना को समर्पित मिसाइल की आकृति भी बनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, सुरेश एच. लाल और शनिधाम के राकेश ठाकुर सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

शहर के रानीसागर तट पर स्थित शनिधाम में दो दिवसीय शनि जन्मोत्सव मनाया गया। सोमवार रात्रि कार्यक्रम की शुरूआत एक लाख दीये प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वहीं इस कार्यक्रम को धार्मिक के साथ ही राष्ट्रभक्ति से सराबोर करने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर रानीसागर के चारों ओर दीये जलाकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने की सराहना की गई। वहीं भारतीय सेना के जवानों को सलामी दी गई।



**शहीदों को श्रद्धांजलि :** दीप प्रज्जवलन के दौरान उपस्थित महापौर मधुसूदन यादव और भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने शनि जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते कहा कि यहां धर्म, संस्कृति, आध्यात्म के संगम के साथ ही देशभक्ति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को यह कार्यक्रम समर्पित किया गया है। हम सब पहलगाम और युद्ध के दौरान मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने भगवान शनि से विश्व में मानवता का कल्याण और भारत की सुरक्षा की कामना की।

### दीपावली जैसा नजारा

शनि जन्मोत्सव के आयोजन अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित इस दीप उत्सव में जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान रानीसागर तट का नजर दीपावली सा रोशन दिखाई दे रहा था। भगवान शनि जयंती अवसर पर आज यहां दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना की। वहीं मंदिर समिति द्वारा देर शाम भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया।

### सेना के शौर्य को सलाम

आयोजन को लेकर शनि धाम के संयोजक राकेश ठाकुर ने कहा कि दीप प्रज्जवलन ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेना के साहस और शौर्य को सलाम करने के साथ ही लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत करना था। उन्होंने कहा कि सिंदूर बारूद बनकर पाकिस्तान पर बरसा है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने किया वट सावित्री की पूजा

**सड़क अतरिया।** सोमवार को महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं मंगल कामना के लिए वट सावित्री का व्रत किया। विधि विधान के साथ वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना एवं रक्षा सुत्र बांध का कथा का वाचन किया। पहली दफा व्रत करने वाली नवविवाहित महिलाओं में व्रत को लेकर उत्साह देखने मिला। वहीं दुकानों में पूजा एवं श्रृंगार सामग्री की मांग बनी रही। महिलाओं ने जगह जगह समूह में पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया।

### बिजली कटौती ने बढ़ाया परेशानी



**पटेवा।** पटेवा सहित क्षेत्र के लोग इन दिनों अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या परेशान हैं। गर्मी के दिनों में बिजली का बार बार गुल होना आम बात हो गई है साथ ही लो वोल्टेज की समस्या भी बनीं हैं।लो वोल्टेज के कारण पंखा कूलर का चलना बंद हो गया है जिससे कारण लोग हलाकान हो रहे है। मच्छरों के आतंक के कारण लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। पटेवा में सबस्टेशन बनने से जनता को उम्मीद थी कि अब उन्हे बिजली की समस्या से निजात मिलेगी किन्तु बिजली का बार बार गुल होना, घंटों बंद रहना आम बात हो गई है।बिजली कटौती के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारो का धंधा चौपट हो गया है। किसान भी सिंचाई नहीं कर पा रहे है जिससे फसल चौपट हो गई है।

### तालाब गहरीकरण कार्य शुरू



**सड़क अतरिया।** मंगलवार को ग्राम बोरई में तालाब गहरीकरण का भूमिपूजन कर काम आरंभ किया गया। ग्राम के तालाब की गहराई कम होने से जल रूक नहीं रहा था। गर्मी शुरू होते ही तालाब सूख जाता था, जिससे ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता था। तालाब गहरीकरण होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि अब निस्तारी की समस्या नहीं होगी। इस दौरान जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, जनपद अध्यक्ष पुष्पा जंघेल, जनपद सदस्य दुष्यंत जंघेल, हुलास साहू, शत्रुघ्न साहू, रेखचंद जंघेल, प्रकाश साहू, पुरन जंघेल आदि मौजूद थे।


### भीषण गर्मी में बरसात का नजारा



**सड़क अतरिया।** तेज गर्मी के बीच इन दिनों बरसात का नजारा देखने मिल रहा है। बीते चार दिन से लगातार बारिश से गलियों में पानी भर गया है। बरसाती पानी की निकासी नहीं होने के कारण कुछ गांव की गलियां लबालब भर गई है, जिससे रहवासी को आने जाने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत पंडरिया के आश्रित ग्राम ओटेबंद में बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से लगभग डेढ फीट पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात पूर्व तैयारी नहीं करने से ऐसी स्थिति बनी है। कुछ अन्य पंचायत में भी यह स्थिति देखने मिली। बारिश से जगह जगह पानी जाम है। नाली, गली आदि जगह कचरा के भीगने से बदबू फैल रही है। वही मच्छर का प्रकोप बढ़ने की आशंका है।

### नल जल योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही

# दो टंकी बनी, फिर भी ग्रामीण प्यासे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जल जीवन मिशन के तहत लाखों की स्वीकृति मिलने के बाद भी सरकार की मंशा के अनुरूप काम नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीणों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत चकनार में दो टंकी बनने के बाद जल संकट बना हुआ है। तकनीकी समस्या और विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने विभाग और शिविर में जल की व्यवस्था के लिए गुहार लगाया पर समस्या जस के तस बनी है। जानकारी अनुसार जल समस्या को देखते हुए लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। लोग घर में लगे नल में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। आधी से अधिक आबादी के घर में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत ग्रामीणों ने किया है।

#### पाईप लाइन का अधूरा विस्तार

नल जल योजना के तहत सभी घरों में पेयजल के लिए कनेक्शन दिया जाना है। ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है। आधा अधूरा कनेक्शन देकर छोड़ दिया गया है जबकी पाईप लाईन विस्तार के लिए विभाग से आबंटन जारी किया गया था।

#### दोनों टंकी में समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत पूर्व में पानी टंकी बनी थी। पाईप लाईन का विस्तार भी हुआ है परन्तु पाईप लाईन में जगह जगह लिंकेज एवं तकनीकी खराबी के कारण कुछ मोहल्ला में टंकी का पानी पहुंच रहा है। पंचायत के शेष वार्ड पानी से वंचित हैं। पंचायत में नल जल योजना के तहत एक और पानी टंकी का निर्माण किया गया है ताकि सभी घरों तक पानी पहुंचाया जा सके, परन्तु बोर में समस्या आने के कारण चालू नहीं हो रहा है। बताया जाता है कि बोर में मशीन अंदर नहीं जाने के कारण टंकी में जल भराव नहीं हो रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि इस बोर के समीप एक अन्य बोर है उससे कनेक्शन जोड़कर टंकी में भराव किया जाए तो समस्या दूर हो सकती है।



# महतारी वंदन, पट्टा के लिए उमड़ी महिलाएं

### निकाय क्षेत्र में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार अंतर्गत निकाय क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में मलभूत समस्याओं और शिकायतों के तीन सौ से अधिक आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में दिन भर महतारी वंदन, भूमिहीन कृषक न्याय योजना और पीएम आवास योजना के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।

सुशासन तिहार अंतर्गत नगर में समाधान शिविर कस आयोजन पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला में किया गया। अचानक स्थल परिवर्तन करने से शिविर में अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। बैठक व्यवस्था को लेकर नागरिक खासे परेशान रहे।

स्टाल लगाने को लेकर भी अधिकारी कर्मचारी काफी परेशान हुए। सीएमओ विजय पांडेय ने बताया कि शिविर में कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 308 का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में सबसे अधिक 138 आवेदन राजस्व विभाग, 121 नगरीय निकाय को प्राप्त हुए।सारे आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सभापति विनोद डेहरिया, ईश्वरी ध्रुवे, उमा शंकर निषाद, किशुन पटेल, पार्षद गोपीचंद देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, दिलीप कुंभकार, कविता यादव, कांशी निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

#### लाभ पाने उमड़ी भीड़

शिविर में महतारी वंदन योजना, भूमिहीन कृषक सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। शिविर में पहुंची महिलाओं की शिकायत थी कि योजना के लाभ लेने आवेदन भरा है लेकिन उन्हे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कुछ महिलाओं ने बताया कि एक दो बार राशि मिलने के बाद राशि मिलना बंद हो गया है। इसी तरह विभिन्न वार्डो में शासकीय जमीन में कब्जा का निवास करने वाले लोगों ने पटटे की मांग करते हुए आवेदन दिया।

#### नेताओं ने गिनाया उपलब्धि

शिविर में भाजपा नेताओं ने सरकार की योजनाओ को सामने रखते हुए उपलब्धियों को गिनाया। जिला महामंत्री श्री वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री द्विवेदी तथा उपाध्यक्ष श्री गुप्ता ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ का लाभ उठाने का आहवान किया। षिविर में आदिल हमीद खान, देवनारायण कुंभकार, राजू खंडेलवाल, संजय लाटा, गया प्रसाद साहू , मोहसीन खान सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर विकास एवं मूलभूत समस्याओं की मांग को उठाया। उन्होंने पेयजल, राजस्व, डायवर्सन से जुड़ी समस्याओ के निदान के लिए पहल करने का आग्रह किया।

# निजी जमीन पर कराया मनरेगा से निर्माण, अब बेदखली का आदेश जारी

### शासन को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम चिचदों की एक महिला की कृषि भूमि पर कब्जा करते हुए मनरेगा के तहत निर्माण कराने के मामले में तहसील न्यायालय ने बेदखली का आदेश पारित किया है। इस आदेश पर अमल होने से जनपद को लाखों का नुकसान होगा।

जानकारी के अनुसार नीराबाई पति नेमूक निवासी डोंगरगांव की चिचदो में खसरा नंबर 444/2 में 0.301 हेक्टेयर भूमि है। इस भूमि पर बिना अधिग्रहण के मनरेगा के तहत बांध का निर्माण कर दिया गया। निर्माण के दौरान यह मामला काफी सुर्खियों में था किन्तु मनरेगा से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उल्टे सीधे तर्क देकर अपनी बात को सही साबित करते हुए खुद को बचाने में लगे रहे। लगातार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से भूमि का सीमांकन कराया जिसमें भी उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की पुष्टि हुई।

#### खसरा में फेरबदल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा के तहत निर्माण कार्य के लिए



खसरा नं. 499/1 को चिन्हाकित किया था जबकि कार्य खसरा नंबर 444/1 और 2 में कराया गया है। अब सवाल यह है कि प्रशासनिक चुक से हुए निर्माण के बाद शासन को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

#### कब्जा करने का आदेश

न्यायालय में मार्च में पारित आदेश में स्पष्ट किया कि बी-1, आवेदन पत्र, सीमांकन रिपोर्ट, साक्ष्य कथन और पटवारी प्रतिवेदन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के जांच प्रतिवेदन से साफ है कि खसरा नं. 444/2 रकबा 0.361 हेक्टेयर भूमि पर आवेदिका नीराबाई कब्जा कर सकती है। न्यायालय ने खसरा नं. 444/2 स्थित भूमि पर किए गए अनाधिकृत कब्जा से बेदखल करने का आदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 के तहत जारी किया है। न्यायालय ने बेदखली की कार्रवाई करते हुए आवेदिका को कब्जा दिलाने कहा है।

#### महिला को मिली थी पैतृक जमीन

आवेदिका नीराबाई पति नेमूक ने इस संबंध में तहसीलदार की न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपने कथन में बताया कि खसरा नं 444/2 रकबा 0.3610 हेक्टेयी भूमि उसे पिता की मृत्यु पश्चात उत्तराधिकार के तहत मिली थी। उन्होंने बताया कि बिना अधिग्रहण और मुआवजा दिए बिना उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए मनरेगा अंतर्गत निर्माण कराया गया। ग्राम के गांधीराम सोनकर आ. रामसिंग सोनकर ने न्यायालय को बताया कि वादभूमि के सीमांकन के समय उपस्थित था। राजस्व निरीक्षक ने सीमांकन क बाद सीमा चिन्हित किया था। सीमांकन से साफ हो गया था कि वादग्रस्त भूमि के कुछ हिस्से पर पार मेढ़ बनाया गया है।

### समाधान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वार्ड 17 के बाल मंदिर में नगर पालिका ने सुशासन तिहार अंतर्गत जनता की समस्या का निराकरण करने शिविर का आयोजन किया।

# सरकारी जमीन पर बेजा निर्माण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के वार्डो में सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण की जानकारी सामने आई है। इस आशय की शिकायत नगर पालिका अधिकारी तक पहुंची है। शिकायत के बाद भी निर्माण को रोकने और जमीन खाली करने के बजाय पालिका का राजस्व अमला संरक्षण देने में लगा है। सीएमओ सीके शर्मा ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर राजस्व विभाग के प्रभारी को कार्यवाही करने का आदेश जारी कियाहै। वहीं शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पालिका के कर्मचारी मौके पर जाकर अतिक्रमणकारियों से सांठगांठ कर कार्य पूरा कराने में लगे हैं।

### निष्कासन की कार्रवाई अनुचित

**डोंगरगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव गोपाल टावरी ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के हाल में लिए गए निर्णय को



अनुचित बताया है। उन्होंने ब्लाक कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में संगठन की जो दुर्गति हुई है, वह सबके सामने है। इस स्थिति के लिए कौर जिम्मेदार है, यह भी किसी से छुपा नहीं है। संगठन की सबसे बुरी हालत डोंगरगांव क्षेत्र की है। एक लंबे तक कांग्रेस का गढ़ रहे डोंगरगांव में लोकसभा के बाद नगर पंचायत और जिला जनपद के चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा। चुनाव में हार के बाद संगठन ने समीक्षा कर नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में पहल करने की जरूरत महसूस नहीं किया जिससे कार्यकर्ता हताश हैं। उन्होंने नगर पंचायत चुनाव के तीन महीने बाद निष्कासन की कार्रवाई औचित्यहीन है जबकि होना तो यह चाहिए था कि नाम वापसी के तुरंत बाद निलंबित कर दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वर्तमान कार्रवाई अनुचित और अव्यवहारिक है।

# जनसुविधा के लिए पार्षद ने कराया बोर खनन

- वार्डवासियों को अब मिलेगा पर्याप्त पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भगवान पशुपतिनाथ एवं गंगा मैया की पूजा अर्चना कर बोर खनन प्रारंभ किया गया। बोर खनन होने से वार्डवासियों की पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

वार्डवासियों ने बताया कि पट्टा न होने के कारण उन्हे नल कनेक्शन मिलना संभव नहीं है। अधिकांश घरों में नल नहीं है। वार्ड के कुएं भी सूख गए हैं। बोर का जल स्तर नीचे चले गया है। पालिका का नल एक टाइम खुलता है जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। जल संकट को देखते हुए वार्डवासियों की मांग पर पार्षद सुमित ताम्रकार ने बोर खनन कराया है। इस मौके पर पशुपतिनाथ महिला समिति के सदस्य के अलावा सुषमा मिश्रा, सुनीता सेंगर, प्रतिमा, मीणा, भानू गजेंद्र, रतनीसिंह, तिजन पटेल, अनीता पटेल, लता ठाकुर, पार्वती सेंगर, साधना शर्मा, नूतन शर्मा, उमा ठाकुर, चुन्नी यदु, नम्रता यदु, सीमा, रश्मि सिंह, सुभद्रा सिन्हा, निर्मला ठाकुर, कामिनी साहू, अरूण मंडावी, राजू गजेंद्र, पप्पू ठाकुर, पप्पू यदु, उदय पटेल, सत्यम यादव, ललित शर्मा, मोनू ठाकुर उपस्थित थे।



# डस्टबिन खरीदी के खुलासे से हड़कंप

**डोंगरगढ़।** पालिका द्वारा 20 लाख के डस्टबिन खरीदने का मामला सामने आने के बाद हडकंप मच गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में डस्टबिन खरीदने के बाद भी उसका वितरण क्यों नही किया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद अब इस बात का खुलासा हो रहा है कि खरीदी पार्षद निधि से किया गया है। वार्ड 16 के पूर्व पार्षद की निधि में लगभग डेढ़ लाख शेष थे जिससे डस्टबिन खरीदा गया है। पार्षद राजेश राघोरते ने बताया कि पार्षद निधि से डस्टबिन क्रय किया गया है।




जानकारी के अनुसार पूर्व पार्षदों की निधि की शेष राशि से खरीदी या अन्य कार्यो के नाम पर गड़बड़ी किया जा रहा है। डस्टबिन खरीदी के मामले में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि मौन हैं।

### नेताओं ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# समाधान शिविर में सुलझी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

पटेवा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में अधिकारी, कर्मचारियों ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया। अधिकारियों ने विभाग को प्राप्त आवेदन पर की गई कार्रवाही से अवगत कराया। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा नेता खूबचंद पारख थे। अध्यक्षता जिपं सभापति किरण विनोद बारले ने की। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सीईओ मनीष साहू, सरपंच लक्ष्मी वर्मा, ललित साहू, तुलसी साहू, बहुर साहू, राकेश अग्रहरि, नीलकंठ जनबंधु, अक्षय पटेल, प्रमोद दुबे, मुरली साहू, अनिता सिन्हा, मंजू चंदेल, जितेन्द्र गायकवाड़, लक्ष्मीरामदास कोसरे, डोमार दास साहू, भीखम जांगड़े थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। आतिथ्य सत्कार के बाद किरण बारले ने बताया कि शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर श्री पारख ने योजनाओं की जानकारी देते हुए हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।



#### आवास के 1382 आवेदन

जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 3874 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें आवास के 1382, शौचालय के 428, मनरेगा कार्य 214, पेंशन 199, राशन कार्ड 110, निर्माण कार्य 224, अन्य कार्य के 1317 आवेदन थे।प्राप्त आवेदन में से 3874 आवेदनों के निराकरण का दावा किया गया। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को सर्वाधिक 23 शिकायतें मिले। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 18, बिजली विभाग को 17 शिकायतें मिली। इस दौरान जनपद सदस्य तुलसी साहू, उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, मंजू चंदेल ,जितेंद्र गायकवाड़ ने भी संबोधित किया। संचालन रोहित निर्मलकर ने किया।

# 25 साल पुराने मास्टर प्लान पर हो रहे शहर में विकास काम

### नया मास्टर प्लान बनाने भाजपा नेता ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर का मास्टर प्लान बीते 25 साल से नहीं बना है। विकास कार्य के 2011 के मास्टर प्लॉन का अवलोकन किया जाता है और वर्ष 2000 में बने नियमों को ही माना जाता है। मास्टर प्लान पुराना होने से शहर के विकास दर में कमी आई है। जानकारी के अनुसार 2000 में शहर के लिए 2011 तक का मास्टर प्लॉन तैयार किया गया परन्तु उसकी अवधि बीतने के बाद दूसरा मास्टर प्लॉन तैयार होना था, जो अब तक नहीं हो पाया। कई साल पुराने प्लॉन पर शहर का विकास चल रहा है। 1991 के जनगणना को आधार मानकर प्लॉन तैयार किया गया, तब शहर में 18 वार्ड और आबादी 60 हजार थी। अब शहर की आबादी 80 हजार पार हो चुकी है किन्तु विकास योजना 2011 की जनसंख्या के हिसाब से तैयार किया जाता है। बढ़ी आबादी को देखते हुए नया प्लान तैयार करने पहल नहीं की जा रही है।

#### रिंग रोड की जमीन पर मकान



25 साल पहले बने मास्टर प्लॉन में रिंग रोड बनना प्रस्तावित किया था। बीते साल में न रिंग रोड़ बनी और न जमीन चिन्हांकित किया गया। बायपास का निर्माण कन्या स्कूल से प्रस्तावित था, परंतु अब उस क्षेत्र में घनी आबादी बस गई है। शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। वाहनों की संख्या बढ़कर हजारों तक पहुंच गई है।

#### अन्य शहरों का प्लान तैयार

जानकारी के अनुसार अन्य शहरों के लिए 2031 तक प्लान बन चुका है। नियमानुसार 2011 के बाद 2031 तक के लिए नया मास्टर प्लॉन बन जाना था, परंतु प्रशासन 2011 के मास्टर प्लॉन के आधार पर ही निर्णय ले रहा है। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव आदि शहरों के लिए 2031 तक का मास्टर प्लॉन बन चुका है। वहीं डोंगरगढ़ में नया प्लान बनाने पहल नहीं हुई है। शहर का नया मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी ने शासन-प्रशासन को पत्र लिखा है। श्री भंडारी ने कहा कि मास्टर प्लान रिवाइज करने से विकास के नए आयाम खुलेंगे।

## क्रूरतापूर्वक बैलों को ले जा रहे थे, सूचना पर गंडई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मवेशियों की तस्करी, पांच पकड़ाए

### विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- मवेशियों को छोड़कर भाग रहे थे आरोपी
- पुलिस ने घेराबंद कर पकड़ा

गंडई पुलिस ने 26 मई की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कबीरधाम से मिली सूचना के आधार पर बसावर के पास से 29 बैलों को कत्लखाने ले जा रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन बैलों को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने सभी बैलों को बचाकर बसावर के गौठान में सुरक्षित रखवाया है। जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने गंडई पुलिस को सूचित किया कि बसावर के पगडंडी रास्ते से कुछ लोग मवेशियों को मारते-पीटते महाराष्ट्र स्थित कत्लखाने ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि कुछ व्यक्ति मवेशियों को अमानवीय तरीके से हांक रहे है। पुलिस को देखकर आरोपी मवेशियों को छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनहर मांडले निवासी बसावर, जीवन बंजारा नायक और अजय नायक निवासी परसामऊ, जिला बालाघाट, तथा गोपाल बंजारा और श्यामलाल बंजारा निवासी मोतीनाला, जिला मंडला के रूप में हुई है।

#### हिरासत में आरोपी

पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

#### दस्तावेज नहीं

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 29 बैलों को बिना वैध दस्तावेज के ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपी जीवन बंजारा के पास से 6 बैल और एक मोटरसाइकिल सीजी 09 जेटी 1211 जब्त किया। अजय नायक के कब्जे से 6 बैल, मनहर मांडले के कब्जे से 5 बैल, गोपाल बंजारा से 6 बैल और श्यामलाल बंजारा से 6 बैल जब्त किए है। घटना स्थल से 5 क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलें बरामद किया गया है। जब्त मवेशियों की अनुमानित कीमत 2.90 लाख, क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों की कीमत करीब 1.80 लाख है।

#### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**गंडई पंडरिया।** बकरकट्टा थाना अंतर्गत ग्राम चुहरी में 25 मई को एक हादसा हो गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मृतक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को लगभग एक बजे चुहरी स्थित प्रतिक्षालय के सामने पुलिया के नीचे एक सोल्ड ट्रैक्टर पलटने की सूचना बकरकट्टा थाना को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गवाहों के बयानों से यह तथ्य सामने आया कि मृतक चालक जयसिंह नेताम पिता वीर सिंह नेताम, निवासी दरियाकोना अपने सोल्ड ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक रिवर्स कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर का चक्का पुलिया में चला गया, जिससे ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण चालक के सिर और अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। चश्मदीद नकुल परते पिता स्व. दुखु परते ने बताया कि जब वह खाना खाने घर आ रहे थे, तभी उन्होंने जयसिंह नेताम को ट्रैक्टर को रिवर्स करते देखा। ट्रैक्टर के पुलिया में गिरने के बाद गांव के सुखचरन परते के साथ जाकर देखा तो चालक की मृत्यु हो चुकी थी।

# मिशन सन्डे की पहल पर जागा पालिका तीन माह से बंद पड़ा बोर हुआ चालू

### गर्मी में पेयजल संकट से वार्डवासियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



भीषण गर्मी के बीच शहर में पेयजल संकट और गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मिशन संडे की टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक एक पिपरिया और अमलीपारा वार्ड 12 का दौरा कर वास्तविक हालात का जायजा लिया।

टीम संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में टीम सदस्यों ने वार्डवासियों से संवाद कर पानी की समस्या को समझा। पिपरिया क्षेत्र में पिछले तीन माह से बोर मशीन खराब पड़ी थी जिससे क्षेत्रवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे थे। पार्षद और नागरिकों द्वारा नगर पालिका को कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं निकला। टीम को समस्या की जमीनी हकीकत को जाना समझा और संयोजक देवांगन ने सीएमओ नरेश वर्मा से दूरभाष पर बात कर मशीन मरम्मत के लिए कहा जिसके बाद नपा हरकत में आई और एक सप्ताह के भीतर पिपरिया के खराब बोर की सफाई बाद नया पंप लगाया। जिससे अब वार्ड नागरिकों को राहत मिली है और वे नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही हैं। संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा मिशन संडे जनता की आवाज़ है और नगर पालिका को आईना दिखाने का काम करता रहेगा। यदि पालिका समय पर कार्य करती है तो हम धन्यवाद भी देंगे, लेकिन जनता की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्डवासियों ने टीम का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि जनहित में ऐसी सक्रियता आगे भी बनी रहेगी।

# 5000 सोख्ता गड्ढे व पौधारोपण का लक्ष्य

### विश्व पर्यावरण दिवस पर मोर गांव मोर पानी अभियान

- टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश, लापरवाही और देरी कतई स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को टीएल बैठक मे सख्त निर्देश दिया और स्पष्ट रूप से कहा कि विकास और जनसेवा से जुड़े कार्यों में लापरवाही और देरी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली। गेरूखदान दौरे में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन, बैताल रानी मंदिर विकास योजना की प्रगति पर भी चर्चा की और संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह विभागीय बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा करें और उसकी रिपोर्ट समय पर कार्यालय में प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री जनदर्शन और सुशासन तिहार अंतर्गत मिले आवेदनों के शीघ्र व संतोषजनक निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा।

#### विश्व पर्यावरण दिवस पर होगा आयोजन

बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने जानकारी दी कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोर गांव मोर पानी तहत एक जिला स्तरीय विशेष महा अभियान चलाया जाएगा। इसमें जनभागीदारी से श्रमदान कर 5 हजार से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जाएगा जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण भी किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, मीडिया प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण और जल-संवर्धन की दिशा में ठोस और प्रभावी पहल हो सके। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि हथेल का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुदर्शन वाल्मिकी समाज ने सांसद प्रतिनिधि बनाने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल का सम्मान किया। समाजिकजनों ने फूल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजिकजनों ने सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त किया। समाज के नेताओं ने कहा कि तरुण हथेल के सांसद प्रतिनिधि बनने से लोगों को और अधिक लाभ होगा और समस्याओं का समाधान होगा।

# तंबाकू नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय बैठक, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी तहत जिले में तंबाकू सेवन पर नियंत्रण और जनजागरूकता को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिले में तंबाकू उत्पादों के सेवन पर रोकथाम, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध, प्रवर्तन कार्यों की प्रगति और जनजागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कोटपा अधिनियम 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि तंबाकू से जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए सख्त और ठोस कदम उठाना जरूरी है। अधिनियम का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित निरीक्षण व चालानी कार्रवाई की जाए इसके अलावा तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायतों का चयन कर उन्हें मॉडल के रूप में विकसित किया जाए।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शैक्षणिक संस्थानों में तंबाकू विरोधी गतिविधियों का संचालन करने और सभी शासकीय कार्यालयों को तंबाकू मुक्त घोषित कर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने कहा।

गौरतलब है कि अधिनियम मे सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान, विज्ञापन, प्रचार-प्रसार, नाबालिगों को और शैक्षणिक संस्थानों के पास बिक्री पर रोक के अलावा पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य रूप से लिखा होना है इसके उल्लंधन पर अलग अलग धाराओ के तहत कारवाई हो सकती है। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, अविनाश ठाकुर, सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा, एनटीसीपी नोडल अधिकारी डॉ अनम फातिमा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बगैर हेलमेट धारियों पर पुलिस की चलानी कार्रवाई

**छुईखदान।** क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने स्थानीय जय स्तंभ चौक पर पॉइंट लगाकर बगैर लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलानी कार्यवाही किया। बगैर लाइसेंस धारियों को रोककर नियम का पालन करने कहा। पुलिस प्रशासन ने आमजनों को रोक कर बगैर हेलमेट के वाहन चलाने से मना किया। चालकों को हेलमेट पहनने के फायदा बताया। थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे ने कहा कि विभाग द्वारा आम जनों की सुरक्षा के लिए लगातार कार्यक्रम कर हेलमेट लगाने, वाहन का बीमा कराने बताया जा रहा है। बच्चों के हाथों में वाहन न दे के बारे में समझाईश दी जा रही है। कार्यवाही के दौरान निरीक्षक जितेंद्र बंजारे, अख्तर खान, बरेठ सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित था।



# राजमाता होल्कर जयंती पर कॉलेज में संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- रानी अहिल्या बाई की जयंती पर उनके योगदान को किया याद




केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश और प्रदेश सरकार के आव्हान पर पूरे देश प्रदेश में रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान का समरण किया जा रहा है। जिले में 21 से 31 मई तक जारी कार्यक्रम बाद अब स्कूल कालेजों में भी बच्चो व युवाओं को रानी के जीवन वृत्त से अवगत कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में ब्लाक के ठेलकाडीह स्थित नवीन कालेज में लोकमामा की जनम शताब्दी पर संगोष्ठी का आयोजित की गई जहॉं मुख्य वक्ता जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन, उनके आदर्श शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजमाता का जीवन आज भी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। देश की सांस्कृतिक व भावनात्मक एकीकरण का अविस्मरीय प्रयास उन्होंने किया और देवालयों सहित सांस्कृतिक प्रतीकों के जीर्णोद्धार सहित नवनिर्माण का साहसिक कार्य, उनका अद्वितीय योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। ठेलकाडीह मंडल भाजपा अध्यक्ष भोज बंजारे ने रानी अहिल्या बाई के नारी सशक्तिकरण की दिशा मे किए कार्यों को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनका अदम्य साहस अनुकरणीय है। राजमाता के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने कहा। इस दौरान जिंप सदस्य भुनेश्वरी जीवन देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे, श्यामसुंदर साहू, तोपसिंह राजपूत, मदन साहू, उदेलाल वर्मा, नारायणदास साहू, शैलेष साहू, संतोष जैन, जीवन देवांगन, भुवन वर्मा, योगेंद पाल, नारायण साहू, महेश पाल, संतोष जैन, एवन विश्वकर्मा, उदय वर्मा, संतराम साहू, देवानंद वर्मा, दादू देवांगन, ललित जैन, ध्यानचंद बाफना, संतोष टंडन, नेमदास साहू सहित बड़ी संख्या में कालेज स्टुडेंट्स व ग्रामवासी मौजूद थे।

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत



**डोंगरगढ़।** सुहागन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री एवं सोमवती अमावस्या व्रत किया। मां रणचंडी मंदिर प्रांगण में वट एवं पीपल की पूजा कर परिक्रमा करते हुए धागा बांधा। मां गौरी को सिन्दुर चढ़ा कर सभी ने अपने माथे पर लिया। इस दौरान अंचलासिंह, प्रतिभा कल्चुरी, संध्यासिंह, पदमा परिहार, दिव्या राजपुत, पुष्पा राजपुत, गीता मिश्रा, सरिता दुबे, पिंकी दुबे, रश्मि दुबे सहित अन्य मौजूद थी।

#### गोवर्धन ग्राम अध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल ने मुढ़िया मोहारा में नगर पंचायत में पंच गोवर्धन वर्मा को समाज सेवक संघ का मुढ़िया मोहारा ग्राम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, चंचल तिवारी, नैमित देशमुख, तारिक ललानी, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, यामला साहू, उमा साहू, देवदास साहू, विरेन्द्र यादव, प्रमिला साहू, लक्ष्मी साहू, सावन सोनी, भूषणलाल देवांगन, योगिता चौरे, ममता मैथिल, महेन्द्र बघेल, हेमंत ठाकुर, रेवती साहू, मनोज भट्टाचार्य, तामेश्वर साहू, सरस्वती वर्मा, रूपा कंवर, अनामिका सिन्हा, बबीता लहरे, निशि ध्रुव आदि ने शुभकामनाएं दी।

## ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

# उमरवाही में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम उमरवाही में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को जनमानस की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में जनप्रतिनधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी ली।



#### 1759 आवेदनों का निराकरण

समाधान शिविर में ग्राम पंचायत आयबांधा, बड़गांव, बननवागांव, बरबसपुर, चिखलाकसा, गिदर्री, गोडलवाही, पांगरीखुर्द, परेवाडीह, सीताकसा उ, तुर्रेगढ़, साल्हे, उमरवाही के ग्रामीणों से प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया। शिविर में 1759 आवेदनों का निराकरण किया गया।जिसमें मांगों से संबंधित 1748 तथा 11 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई।

#### बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, हरिला चंद्रवंशी, जैमुन कंवर एवं भेषबाई साहू सहित जनपद पंचायत छुरिया के सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि एवं तहसीलदार कुमरदा अकांक्षा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू, अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### कई योजनाओं का मिला लाभ

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जाबकार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राईविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया।

# कुमरदा उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचल में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में डोंगरगांव उपसंभाग के ग्राम कुमरदा में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 1.60 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि करते 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त एस. कंवर, कार्यपालन अभियंता बीके उइके, एमके साहू, एडी टंडन, सहायक अभियंता आरपी ठाकुर, राजेन्द्र साहू, कनिष्ठ अभियंता धनेश्वरी चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए।



#### ग्रामीणों को होगा फायदा

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने बताया कि कुमरदा उपकेन्द्र में 1 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से स्थापित अतिरिक्त 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम लाटमेटा, चारभांटा, मोतीपुर, कुलहाड़ी, नादिया एवं घुपसाल के 1150 उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब कुमरदा उपकेन्द्र की क्षमता 6.60 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से कुमरदा उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा लाभ मिलेगा।

## सार समाचार



राजनांदगांव। शनि जन्मोत्सव के पावन पर्व पर रानीसागर तट पर भंडारा प्रसादी सहित विभिन्न आयोजन किए गए।

### एक को आर्ट ऑफ लिविंग का स्नेह बंधन



**राजनांदगांव।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव ने विगत माह 13-18 मई को हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने श्वासों की शक्तिशाली सुदर्शन किया का अद्भुत अनुभव किया। उक्त जानकारी देते कार्यक्रम संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने बताया कि सभी ने अपनी आंतरिक शांति, श्वासों की अद्भुत शक्ति और ध्यान का गहरा अनुभव कर सुकून और आनंद प्राप्त किया। सभी अभिभूत और अप्रतिम खुश हुए। इसी अद्भुत अनुभव को आदान-प्रदान करने और हंसी खुशी के पल, ज्ञान, ध्यान और मस्ती आनंद के साथ साझा करने आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने स्नेह बंधन अपनों से अपनों का मिलन का कार्यक्रम 1 जून को सुबह 7 से 11 बजे तक पुष्पांजलि पैले लालबाग रॉयल किड्स स्कूल के पास में आयोजित किया है। स्नेह बंधन कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. सरिता बाजपेयी के सानिध्य मे संपन्न होगा।

### छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय



राजनांदगांव अमित जिंदल ने 24 मई को पोस्ट कन्या छात्रावास राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को कानूनी जानकारी देते बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72 के तहत बलात्कार पीड़ित का नाम, पहचान का मुद्रण या प्रकाशन करना 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दंडनीय अपराध है। यदि धारा 72 में निर्दिष्ट मुद्रण या प्रकाशन न्यायालय की कार्रवाई के संबंध में न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा के बिना किया जाए तो वह धारा 73 के तहत 2 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दंडनीय अपराध है।

श्री जिंदल ने बताया कि किसी महिला को विवाह या अयुक्त संभोग के लिए विवश या विलुब्ध करने के आशय से अपहरण या व्यपहरण करने पर धारा 87 के तहत 10 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दंडनीय अपराध है। श्री जिंदल ने बताया कि किसी व्यक्ति को घोर उपहति या दासत्व के लिए या प्रकृति विरूद्व काम वासना के लिए अपहरण या व्यपहरण करने पर धारा 140 (4) के तहत 10 वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दंडनीय अपराध है।

### नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति



**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन में प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा की उपस्थिति में छात्र युवा मंच की प्रदेश प्रमुख व प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की गई। छात्र युवा मंच संगठन की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। छात्र युवा मंच द्वारा वर्तमान दायित्व को समाप्त कर नवीन पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। जिससे संगठन का विस्तार किया जा सके।

बैठक में छात्र युवा मंच प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश सहसंयोजक चंद्रभान जंघेल, नवीन प्रदेश प्रमुख माधवराम साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, पूर्व प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे एवं समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

### प्रसिद्धी का राष्ट्रीय टैलेन्ट सांस्कृतिक के लिए चयन



**राजनांदगांव।** चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र व वेदांग पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रसिद्धी सुपुत्री श्रीमती गीतांजलि तुषार सिन्हा एवं सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्य गुरू डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा की पोती का चयन राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रशिक्षण स्त्रोत (सीसीआरटी) नई दिल्ली द्वारा 9 से 13 वर्ष के बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक टैलेन्ट सर्च स्कालरशिप हेतु वर्ष 2024-25 के लिए कत्थक नृत्य के क्षेत्र में पारंपरिक कलाकार फेमली केटेगरी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से चयन किया गया है। ज्ञात हो कि प्रसिद्धी सिन्हा अपने परिवार में कत्थक नृत्य विद्या की तीसरी पीढ़ी की पारंपरिक परिवार से है। अपने परदादा गुरू पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज का आशीर्वाद और दादा डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा से विरासत में प्राप्त कत्थक नृत्य की शिक्षा एवं दादी, मां, बाबूजी और बुआ हर्ष बाला सिन्हा का नृत्य के प्रति अर्पण समर्पण का संस्कार प्रसिद्धी सिन्हा को मात्र तीन वर्ष की उम्र से कत्थक नृत्य की शिक्षा मिलने लगा था। उक्त जानकारी जानकारी शरद मेश्राम ने दी।

### दिघवाड़ी व पेंदाकोड़ो में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 28 मई को जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत पेंदाकोड़ो व जनपद पंचायत मानपुर के दिघवाड़ी में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

## निधन

### चंद्रप्रकाश शर्मा



**राजनांदगांव।** पठानपारा निवासी चंद्रप्रकाश शर्मा चंदू भैया का 27 मई को सुबह 10.30 बजे निधन हो गया। वे लगभग 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शाम स्थानीय लखोली स्थित मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे रिटायर्ड आरआई विजय शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा के बड़े भाई थे। स्व. शर्मा अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

# अण्डरब्रिज सम्पवेल की सफाई और मोटर दुरूस्त रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र निरीक्षण की कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को निर्माणाधीन नालंदा परिसर स्थल एवं मोतीपुर अंडरब्रिज का जायजा लेकर नालंदा परिसर के लिए ले-आउट देने तथा अंडरब्रिज के सम्पवेल सफाई कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि डॉ. सिंह के निर्देशानुसार एवं शासन मंशानुरूप नालंदा परिसर का निर्माण करना है। उन्होंने समय-सीमा को ध्यान में रखकर ठेकेदार को कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किए। उन्होंने भूमि समतलीकरण कार्य देख अधिकारियों से कहा कि जल्द ले-आउट देकर कार्य में तेजी लाएं।



मोतीपुर अंडरब्रिज का जायजा लेकर कलेक्टर डॉ. भुरे ने ब्रिज से पानी निकासी के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि सम्पवेल की सफाई करें तथा मशीनें दुरूस्त रखे। साथ ही अतिरिक्त मशीन रखे, ताकि बरसात में ब्रिज से पानी निकासी में रूकावट न हो एवं आवागमन सुचारू रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा व दीपक खांडे सहित तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

#### ले-आउट देने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. भुरे ने सुबह नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के साथ निगम के विकास कार्यों के निरीक्षण की कड़ी में नालंदा परिसर निर्माण के लिए ऊर्जा पार्क के बाजू चयनित स्थल का जायजा लेकर संबधित ठेकेदार को ले-आउट देने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च पद प्राप्त करने तैयारी करने सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी के लिए शासन द्वारा नालंदा परिसर निर्माण करने स्वीकृति प्रदान किए हैं। जिसका शासन स्तर पर प्रक्रिया उपरांत गतदिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा भूमिपूजन कर जल्द निर्माण शुरू करने कहा गया है।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान आंशिक व टीन शेड क्षति होने पर 13 हजार रुपए, आग से जलने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 2500 रुपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नदी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## उरईडबरी में समाधान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत उरईडबरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 13 ग्राम पंचायत अमलीडीह, भोथली, धनडोंगरी, झंडातालाब, कोलिहापुरी (नवा), मक्काटोला, मेंढा, मोतीपुर, पटपर, पिनकापार, रामाटोला, टप्पा एवं उरईडबरी से प्राप्त सभी मांगों के आवेदनों का निराकरण किया गया।

जनप्रतिनिधियों के शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी का जल स्वच्छता के लिए परीक्षण किट प्रदान किया गया। इसके अलावा राशन कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति आदेश, जॉबकार्ड एवं श्रमकार्ड भी




प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों का अन्नप्रासन्न और गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। जनप्रतिनिधियों ने शिविर के दौरान ही ग्राम पंचायत उरईडबरी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही नोहर सिंह के नवनिर्मित आवास का रिबन काटकर गृह प्रवेश कराया। नोहर सिंह को प्रतिकात्मक रूप से आवास की चाबी भी दी गई। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

## जिला अस्पताल कैंटीन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कैंटीन के रसोई घर, भंडारण एवं स्टाफ रूम सहित अन्य कक्षों की जांच की गई। कैंटीन संचालक को भंडारण कक्ष में रखे खाद्य सामानों को क्लोज लीड के कंटेनर में रखने कहा गया। साथ ही रसोई कक्ष में नियमित साफ-सफाई, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा खिड़कियों पर जाली लगाने के निर्देश दिए गए।

कैंटीन क्षेत्र में आवश्यक लेबल लगाने से लेकर कार्यरत कर्मियों के पर्सनल हायजीन को परखा गया।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा निरीक्षण के दौरान ही भर्ती मरीजों को परोसे जाने को तैयार ट्रॉली से मटर पनीर, आलू केला, दाल-चावल सहित अन्य खाद्य नमूने को गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किया गया। साथ ही महिला-पुरूष वार्ड में भर्ती मरीजों व परिजनों से भोजन व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली गई। मौके पर ही कैंटीन के संचालक को आवश्यक व्यवस्था बनाते खाद्य गुणवत्ता में कोताही नहीं बरतने की समझाइश भी दी गई। जब्त खाद्य नमूनों के रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दूरस्थ गांवों में स्वास्थ्य सेवा की क्रांति



**राजनांदगांव।** शिखर युवा मंच, एसबीआई फाउंडेशन एवं एसबीआई एसजी ग्लोबल के सहयोग से संचालित "जीवनम् मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)" परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के 20 चयनित गांव में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ एवं आदिवासी बाहुल्य गांवों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराना है।

परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 16 हजार ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। हाल ही में 13 हजार से अधिक मरीजों को एमएमयू के माध्यम से घर द्वार पर ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही 4 विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें हड्डी रोग, त्वचा रोग, महिलाओं एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया गया। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टर, फिजियोथेरेपिस्ट और लैब जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सिर्फ उपचार ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की ट्राफी का किया अनावरण

रिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन -2 में राजनांदगांव के सिल्वर स्क्रीन गंज मंडी में लीग की आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। एक रंगारंग कार्यक्रम में ट्राफी का अनावरण महापौर मधुसूदन यादव द्वारा संपन्न कराया गया।

समारोह में प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरी, जितेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, रणविजय प्रतापसिंह, दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर, थिएटर प्रबंधक अवंत अग्रवाल, वरिष्ठ खिलाड़ी पुनाराम यादव, राजनांदगांव पैंथर्स की टीम सहित जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

समारोह में प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम को




शुभकामनाएं प्रेषित करते विश्वास जताया है कि हमारी यह टीम सीसीपीएल सीजन -2 की चैंपियन बनकर इस आकर्षक ट्रॉफी पर कब्जा अवश्य करेगी।

समारोह का संचालन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने किया। समारोह में खेल प्रेमियों को लगातार आकर्षक खेल कराकर विजेता खेलप्रेमियों को आयोजकों द्वारा पुरस्कृत भी अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में लीग का आईकान वीरू ने खेलप्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया।

#### 6 जून को होगा आयोजन

6 जून से यह लीग रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा में खेली जाएगी। सीसीपीएल के सीजन -2 में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम इस वर्ष भी अपने कप्तान अजय मंडल के नेतृत्व में दावेदार है। विजेता बनने की दावेदार अन्य पांच अन्य टीमें भी इस लीग में शामिल है। समारोह पश्चात ट्राफी टुर अपने अगले पड़ाव की ओर प्रस्थान कर गई। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब व बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, कोचियों, सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त जीपीएस दर्दी ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत 16.380 बल्क लीटर देशी शराब एवं देशी दारू संत्री महाराष्ट्र राज्य निर्मित तथा एक मोटर साइकिल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह, अनिल सिन्हा, भोजनारायण उइके द्वारा बंजारी से मासूल मार्ग में दल्लू निषाद से 41 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा सत्री कुल मात्रा 7.380 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन में परिवहन करते विधिवत जब्त किया गया।

इसी प्रकार सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी



राजनांदगांव-दक्षिण कुसुमलता जोल्हे, आबकारी मुख्य आरक्षक जर्नादन प्रसाद पाण्डे, ताम्रध्वज ठाकुर, आर्यन ठाकुर, सुरेश द्वारा मोहारा बाईपास रोड के पास चिखली राजनांदगांव निवासी युधिष्ठिर राजपूत के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन 50 पाव कुल मात्रा 9 बल्क लीटर जब्त किया गया। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षकों और रसोइयों ने संवारी फुलवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मोहला

एक ओर गर्मी की छुट्टियों के चलते स्कूलों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का एक स्कूल इन दिनों किसी जन्नत से कम नहीं दिखता। स्कूल में शिक्षक, रसोइया और सहायकों ने मिलकर छुट्टियों के समय का सदुपयोग करते स्कूल परिसर को एक सुंदर फुलवारी में तब्दील कर दिया है। हराभरा खुशबूदार स्कूल प्रांगण इस तपती गर्मी में भी सुकून दे रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मानपुर विकासखंड के औंधी तहसील स्थित ग्राम सेम्हरबाधा प्राथमिक शाला स्कूल प्रांगण में प्रधान पाठक गुलाब संडे के नेतृत्व में स्कूल का अन्य स्टाफ तथा स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीणों के प्रयास से स्कूल प्रांगण को खूबसूरत बागवानी में तब्दील किए हुए हैं। पेड़-पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी सबके ऊपर है।स्वच्छ वातावरण में यहां अध्यरत आदिवासी छात्र-छात्राओं को ज्ञान का प्रकाश दिखाया जा रहा है।




#### फूलों की रंगत, मेहनत की खुशबू

स्कूल परिसर में लगे पौधों की देखभाल, साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम खुद सेम्हरबांधा स्कूल के शिक्षकों और रसोइयों ने मिलकर किया है। छुट्टी के दिनों में बच्चों के बिना खाली पड़े स्कूल को उन्होंने अपने प्रेम और श्रम से जीवंत बनाए रखा है।

#### स्कूल में सेल्फी प्वाइंट भी

सेम्हरबाधा स्कूल प्रांगण में जहां पेड़-पौधों को विकसित किया गया है। रंग-बिरंगी तितलियां प्राइमरी स्कूल में अध्यनरत मासूम बच्चों के पढ़ाई के लिए खुशनुमा पल दे रहा है। वहीं स्कूल के गार्डन में सेल्फी प्वाइंट भी विकसित किया गया है।

#### प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा यह प्रयास

यह नजारा न सिर्फ पर्यावरण और स्वच्छता की प्रेरणा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि इच्छा हो तो सीमित संसाधनों में भी स्कूल को अपने घर की तरह संवारकर बच्चों के लिए एक सुंदर और प्रेरक पढ़ाई का माहौल तैयार किया जा सकता है।

#### स्थानीय लोग कर रहे सराहना

गांव के लोगों और अभिभावकों ने भी शिक्षकों की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि ऐसे स्कूलों में बच्चे न केवल पढ़ाई करते हैं, बल्कि प्रकृति और स्वच्छता से भी जुड़ते हैं।



## जयंती : गौरकापा धाम के शनिदेव मंदिर में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

# कवर्धा सहित समूचे अंचल में धूमधाम से मनाई गई शनि देव जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कोदवा गोडान

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित अंचल भर में विभिन्न आयोजनों के बीच शनि जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। स्थानीय श्री पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर के सामने स्थापित श्री शनिदेव मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम गौरकांपा के शनि मंदिर में भी मंदिर समिति द्वारा जयंती के मौके पर विविध आयोजन किए गए। जयंती के मौके पर शनि मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों ने शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए उनकी विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें तेल, काली तिल, उड़द दाल, काला कपड़ा, लोहा आदि अर्पित किया। वहीं मां काली शंकर सेवा समिति के तत्वाधान में श्री पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर के सामने स्थापित श्री शनिदेव मंदिर में महाअभिषेक कर शनिदेव की महाआरती की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए।

इसी प्रकार शनि जयंती के मौके पर विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम गौरकांपा स्थित शनि मंदिर में भी सुबह से ही पूजा अर्चना का क्रम प्रारंभ हो गया था। बताया जाता है कि करीब डेढ़ सौ साल पुराने सिद्धपीठ स्वंभू शिव मंदिर प्रांगण में दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित इस शनि मंदिर के प्रति लोगों की अपार आस्था है। वैसे तो मंदिर समिति द्वारा यहां हर शनिवार को शनिदेव की पूजा-अर्चना की जाती है लेकिन शनि जयंती के मौके पर यहां लोगों की आस्था और विश्वास देखते ही बनती है। जयंती के अवसर पर पंडरिया, मुंगेली, बिलासपुर, कवर्धा सहित दूर दराज से यहां पहुंचते है और पूरे दिन मेला सा लगा रहता है। श्रद्धालुओं की इस आस्था और विश्वास को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा भी विशेष आयोजन किए जाते हैं। मंदिर समीति ने बताया कि जयंती के मौके पर रविवार को ब्रम्ह मुहुर्त से ही भगवान शनिदेव की पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी गई थी। सर्व प्रथम शनिदेव का सरसों तेल से महाअभिषेक किया गया। तत्तपश्चात महाआरती की गई और शनिदेव को काली तिल, काला कपड़ा, लोहा, गुड़, उड़द दाल का महाभोग लगाया गया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाभण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।





### गौरकापा में चार दिवसीय शनि महोत्सव का आयोजन

गौरकापा धाम में शनि जयंती 27 से 30 मई तक चार दिनों के शनि महोत्सव में आज प्रथम दिवस केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आकर माथा टेका और पूजा अर्चना की। यहां चार दिनों तक मेले का भी आयोजन किया गया है। जहां खेल और मनोरंजन के विविध साधन उपलब्ध हैं। आज यहां हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची हुई थी। व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखाई दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी यहां ड्यूटी लगाई गई है। मंदिर सूत्रों के अनुसार इन चार दिनों तक चलने वाले महोत्सव के दौरान यहां राजनीति के कई दिग्गजों के अलावा मंदिर से जुड़े प्रशानिक क्षेत्र के कई बड़े अधिकारियों के आने की संभावना है, वहीं 30 मई को अंतिम दिवस गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेषर पटेल उपस्थित रहेंगे।

### छाया के गर्भ से जन्मे शनिदेव

शनिदेव के जन्म के संदर्भ में पौराणिक कथा है कि भगवान शनि, सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं। सूर्य देव का विवाह प्रजापति दक्ष की पुत्री संज्ञा से हुआ था। कुछ समय पश्चात उन्हें तीन संतानो के रूप में मनु, यम और यमुना की प्राप्ति हुई। तीन संतानो के जन्म के कुछ समय पश्चात तक तो संज्ञा ने सूर्य के साथ निर्वाह किया परतु संज्ञा सूर्य के तेज को अधिक समय तक सहन नहीं कर पाई। इसी वजह से संज्ञा अपनी छाया को पति सूर्य की सेवा में छोड़कर वहां से चली गई। कुछ समय बाद छाया के गर्भ से भगवान शनि देव का जन्म हुआ।

### शनि पीड़ा से मांगी गई मुक्ति

हिन्दू धर्म में शनि जयंती का विशेष महत्व है। इस दिन प्रमुख शनिदेव मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शनि की विशेष पूजा अर्चना कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की जाती है। शनिदेव को काला या कृष्ण वर्ग का बताया जाता है इसलिए इन्हें काला रंग अधिक प्रिय है। शनिदेव काले वस्त्रों में सुशोभित हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन हुआ है। जन्म के समय से ही शनिदेव श्याम वर्ग, लम्बे शरीर, बड़ी आंखो तथा लम्बे केशों वाले थे। यह न्याय के देवता हैं। जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं ने इन्हें काले कपड़े जामुन, काली उड़द, काले जूते, काली तिल, लोहा, तेल आदि वस्तुओं का निमित दान कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की।



# कांदावानी-दैहानटोला में लगे सौर ऊर्जा बैटरी की खराब, समाधान की गुहार

- कई बार शिकवा-शिकायत के बाद भी स्थिति जस के तस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदुर तहसील अंतर्गत आदिवासी बैंगा वनांचल ग्राम पंचायत कांदावानी-दैहानटोला में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा के तहत विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया था। जिससे ग्राम कांदापानी-दैहानटोला के बैंगा आदिवासी रहवासियों को सौर ऊर्जा बैटरी का लाभ मिल सकें।

लेकिन जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में सौर ऊर्जा बैटरी लंबे समय से खराब व बंद पड़ी हुई है, जिसकी ना तो सुधार किया जा रहा है। जिसका खामियाजा वनांचल क्षेत्र के बसाहट बैंगा आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सौर ऊर्जा बैटरी खराब होने की जानकारी उन्होंने कई बार शिकवा शिकायत संबंधित विभाग को दी है, साथ ही आयोजित समाधान शिविरों में भी इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कर चुके हैं।

बावजूद इसके अब पर्यान्त तक कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है। इस क्षेत्र के बैंगा आदिवासी समुदाय के लिए सौर ऊर्जा सोलर लाइट ही एकमात्र बिजली का साधन है। बैटरी खराब होने के कारण न तो रात में रोशनी मिल पाती है और जरूरी सुविधाएं संभव हो पा रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई, सुरक्षा और रोजमर्रा के काम-काज बाधित हो रही है। साथ ही साथ अंधेरे में वन्य जीव-जंतु सांप-बिच्छू का भी खतरा बना रहता है। जिस पर बैंगा आदिवासियों व ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं क्रेडा विभाग के जिम्मेदारों से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब बैटरी को बदला जाए, ताकि उन्हें फिर से बिजली सुविधा मिल सके और दैनिक जीवन सामान्य हो सके।

## पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि में ग्रामीणों ने किया पौधारोपण



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम कोलेगांव में पंचायत पदाधिकारी एवं मेट द्वारा पं जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर तालाब पार में बरगद का पौध रोपण किया। जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि पेड़ हमारे पर्यावरण और जीवन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं। वे हमें ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा, भोजन, दवा और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह आवश्यक है कि हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए पेड़ों और जंगलों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए काम करें। पर्यावरण को संरक्षित रखने में पेड़-पौधों का अहम योगदान होता है। इसी प्रकार आहार श्रृंखला को आगे बढ़ाने में पक्षियों की भी अहम भूमिका होती है। पेड़-पौधे जहां जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं वहीं खाद्य, जल एवं आहार श्रृंखला को आगे बढ़ाने में पक्षियों का भी बड़ा योगदान होता है। पेड़ पौधे की कमी से ऑक्सीजन की कमी होती चली जाएगी, जिससे जीना दूभर हो जाएगा। ऐसे में पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा कर रहे हैं। अगर पेड़-पौधे कम हो जाएंगे तो पक्षियों का आश्रय स्थल कम होता चला जाएगा। यही कारण है कि वनों की कटाई के चलते जीव-जंतु कम होते चले जाएंगे। आहार श्रृंखला में भी पेड़-पौधों की भूमिका कम नहीं है। शाकाहारी जीव-जंतु पेड़-पौधों को परोक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से खाते हैं। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो शाकाहारी जीव कम हो जाएंगे, जिसके चलते मांसाहारी जीवों पर कुप्रभाव पड़ेगा और आहार श्रृंखला कमजोर होती चली जाएगी इसलिए एक पेड़ जरूर लगाएं। इस दौरान सरपंच सुरेश ध्रुव, उप सरपंच विनय शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, पंच टिंकू गोस्वामी, धनी गोस्वामी, रिकी यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाटकुंडेरा में धूमधाम से मनाई गई शनिदेव जयंती



**हरिभूमि कवर्धा।** सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम भाटकुंडेरा सहित अंचल में शनि जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। इस दौरान क्षेत्र के भक्तजनों ने जयंती के अवसर पर शनि मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें तेल, काली तिल, कपड़ा, लोहा आदि अर्पित किया। साथ ही शनिदेव की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया।

### पति की दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री की व्रत



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया क्षेत्र के महिलाओं नें वट सावित्री व्रत कर विधि-विधान से पूजा अर्चना करते बाबा भोलेनाथ माता पार्वती की कथा सुनी वहीं अपने पति के दीर्घायु के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ग्रापं पोंड़ी में नवपदस्थ सचिव जोहनलाल साहू ने कार्यभार संभाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

ग्राम पंचायत पोंड़ी में सोमवार को नवपदस्थ सचिव जोहान लाल साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सरपंच श्रीमती मिथिला मोती साहू तथा पंचगणों की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी द्वारा 23 मई को जारी आदेशानुसार सचिव जीवन वारते का स्थानांतरण ग्राम पंचायत भूरसीपकरी किया गया तथा जोहन लाल साहू को पोंड़ी में नए सचिव नियुक्त किया गया। आदेश के तत्काल प्रभाव से लागू होते ही जोहनलाल साहू ने अपनी नई जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर सचिव जीवन वारते, उपसरपंच मुकेश कुम्भकार, सरपंच-प्रतिनिधि मोती साहू, सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, पंच वेद साहू, मनोज वर्मा, हेमंत कुम्भकार, राजा गोस्वामी, सरिता कन्ना यादव, लेखराज पटेल, जावेद खान, राजेंद्र तिवारी, मनोहर साहू, विजय साहू, रवि निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# क्षेत्र में चला रहा अवैध मुरुम खनन का कारोबार, खनिज विभाग अनजान

- अवैध मुरूम खनन में कार्यवाही नही होने से ठेकेदारों के हौसले बुलंद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन समय सुखे डबरी व तालाबों से अवैध मुरूम खनन ठेकेदार द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में खनिज विभाग अनजान है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अधिकांश डबरी व तालाब सूख चुके हैं, वहीं जेसीबी से अवैध मुरूम खनन का कार्य क्षेत्रों में जोर शोर से किया जा रहा है। इस अवैध मुरूम खनन कारोबार की कार्यवाही नही होने से क्षेत्र के ठेकेदारों के हौसल और बुलंद होते जा रहे है। साथ ही साथ अवैध मुरूम खनन कर ठेकेदार मोटी रकम अर्जित कर खनिज विभाग को चूना लगा रहे हैं। जिस पर क्षेत्रवासियों ने इस अवैध मुरूम खनन पर प्रतिबंध व सख्त कार्यवाही की मांग की गई।



### अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर भाजपा मंडल कुई-कुकदुर में मंगलवार को रानी अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर मंडल कार्यशाला एवं संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्रकार ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि किस प्रकार रानी अहिल्याबाई होलकर भगवान शंकर की अनन्य भक्त, नारी-सशक्तिकरण की मिशाल, अदम्य साहस, धैर्य, सनातन की रक्षक, भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की रक्षा एवं जीर्णोद्धार आदि प्रेरणादायी जीवन परिचय प्रस्तुत किए। इस दौरान दीपा-पप्पू धुर्वे, रतिराम भट्ट, बसंत वाटिया, दशरथ कुम्भकार, संजय जैन, बहादुर सोनी, दुजराम यादव, मोहित मरावी, विजय मरकाम, भागसिंह मरावी, भगऊराम धुर्वे, द्वारिका विश्वकर्मा, पार्वती सुनहले, रामगोपाल वट्टी, नरेश प्रजापति, मधुर सिंह, परमेश्वरी बैगा, पार्वती मसराम, यशवंत श्रीवास, राकेश पंद्रम, विजय गड़ेवाल, रोहित परस्ते, अमित ड़डसेना, धनुष मरकाम, भरत कुंभकार, रामदुलारी साहू, छोटू श्याम, शोभाराम, नीलकमल, सुरेश, सोनसाय, श्याम सिंह सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# प्राणखैरा में आयोजित समाधान शिविर में 2217 मांग व शिकायत आवेदन का त्वरित समाधान हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

सुशासन तिहार-2025 के तहत विधानसभा पंडरिया के तहसील कुण्डा अंतर्गत ग्राम प्राणखैरा में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र.04 श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे शामिल हुए, इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनहित योजनाओं को जमीन पर उतरना और ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्राणखैरा अंतर्गत 17 पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं को सामने रखा कुल 2282 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 2717 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने कहा कि आज सरकार गांव-गांव जाकर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान कर रही है पहले लोगो को अपनी छोटे-छोटे समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट और तहसील के चक्कर काटना पड़ता था, लेकिन अब अधिकारी स्वयं आपके दर पर आकर समस्याओं का समाधान कर रहे है। उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए ग्रामीणों व उपस्थित जनों को बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### विधि विधान से पूजा-अर्चनाकर क्षेत्र की सुख, समृद्धि खुशहाली की कामना की गई

# घोरपेण्ड्री में धूमधाम से मनाया गया शनिदेव जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेण्ड्री, कंझेटा, मोहतरा-कला, दामापुर कुआंमालगी, कोलेगांव सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में शनिदेव जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए मनाई गई। शनिदेव जयंती ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाई जाती है, यह दिन भगवान शनिदेव के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें न्याय का देवता और कर्मो का फल देने वाला माना जाता है। शनिदेव जयंती पर उनकी पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है। इसके साथ ही ऐसा माना जाता है कि शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजा के दौरान उनकी व्रत कथा पढ़ने से शनि दोष दूर होता है और जीवन की विपरीत परिस्थितियां भी पलट जाती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार शनिदेव सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं। एक बार की बात है, सूर्यदेव की पत्नी संज्ञा अपने पति के तेज से बहुत परेशान रहती थीं। वे उनके तेज को सहन नहीं कर पाती थीं। इसलिए उन्होंने अपनी एक परछाई छाया बनाई, जिसका नाम संवर्णा था और उसे अपनी जगह सूर्यदेव की सेवा में लगा दिया। संज्ञा ने संवर्णा से कहा कि वह उनके बच्चों मनु, यमराज और यमुना की देखभाल करे और यह रहस्य किसी को न बताए। इसके बाद संज्ञा स्वयं अपने पिता के घर चली गई। संवर्णा ने पूरी निष्ठा से संज्ञा का रूप धारण कर सूर्यदेव की सेवा की और उनके बच्चों की देखभाल की। कुछ समय बाद, संवर्णा गर्भवती हुईं और उनके गर्भ से शनिदेव का जन्म हुआ। जब शनिदेव का जन्म हुआ, तो उनका रंग काला था और उनका स्वभाव भी थोड़ा गंभीर था। सूर्यदेव को संवर्णा पर संदेह हुआ कि यह उनका पुत्र नहीं हो सकता, क्योंकि यह उनके जैसा तेजस्वी नहीं था। उन्होंने संवर्णा और शनिदेव का अपमान किया। यह देखकर संवर्णा बहुत दुखी हुई। कहा जाता है कि शनिदेव की मां छाया ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे उनके शरीर में इतनी शक्ति आ गई कि गर्भ में पल रहे शनिदेव का रंग काला पड़ गया और उनका स्वभाव भी तपस्वी जैसा हो गया। जब सूर्यदेव ने शनिदेव का अपमान किया, तो शनिदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने सूर्यदेव की ओर देखा। उनकी दृष्टि पड़ते ही सूर्यदेव काले पड़ गए और उन्हें कुष्ठ रोग हो गया। सूर्यदेव अपनी इस दशा से बहुत परेशान हुए। उन्होंने भगवान शिव की आराधना की। तब भगवान शिव ने सूर्यदेव को बताया कि शनिदेव उनके ही पुत्र हैं और उनका अपमान करने के कारण ही उन्हें यह कष्ट मिला है। भगवान शिव के समझाने पर सूर्यदेव को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने शनिदेव से क्षमा मांगी। इसके बाद सूर्यदेव को उनका पूर्व रूप वापस मिल गया। तब से यह मान्यता है कि शनिदेव अपने भक्तों पर कृपा करते हैं, लेकिन जो लोग गलत कर्म करते हैं या उनका अपमान करते हैं, उन्हें उनके कर्मों के अनुसार फल देते हैं। शनिदेव को न्याय का देवता और कर्मफल दाता भी कहा जाता है।

**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ई कोर्ट नंबर-202505080700039/ब-121/2025-26
ग्राम-कवर्धा, प.ह.नं.13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वनीत कौर पति रौनक पाहुजा, निवासी ग्राम-वार्ड नंबर 26 कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम के द्वारा अपने स्वयं के लिए केन्द्र सरकार के अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थाओं/शासकीय नौकरी में प्रवेश होने हेतु आर्थिक आधार पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदमय शपथ पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक के पति रौनक पाहुजा आ. मनिन्दर सिंह पाहुजा आर्थो (PG Final Year) की पढ़ाई करता है जिसकी स्टाइपेंड वार्षिक आय 600000/- होना अपने नोटरीयुक्त शपथपत्र में स्वीकार किया है। आवेदिका के पति रौनक पाहुजा के पिता मनिन्दर सिंह पाहुजा के नाम पर कवर्धा, प.ह.नं 13 स्थित भूमि ख.नं. 291/1 291/6, 291/9, 291/11 रकबा 97.00 वर्गमीटर जिस पर मकान निर्मित होना बताया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो अथवा आवेदक एवं उनके परिवार के संपत्ति के बारे में जानकारी देना हो तो दिनांक 05.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश अथवा जानकारी प्रदाय कर सकते हैं।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे न्यायालय की मुंहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 15.05.2025
पेशी तिथि - 05.06.2025

मुहर

तहसीलदार कवर्धा
जिला-कबीरधाम

## खबर संक्षेप

### चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन के लिए काउंसिलिंग 03 जून को

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला कबीरधाम के अंतर्गत पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी में संविदा आधारित 4 प्रकार के कुल 9 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत पद क्रमांक 3 एवं 4 अटेंडेंट एनआरसी एवं कुक एनआरसी के संबंध में पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम के कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गई है। उक्त सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन के लिए काउंसिलिंग 03 जून 2025 को दोपहर 3:00 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### निजी प्रतिष्ठानों के लिए प्लेसमेंट कैम्प, रोजगार मेला का आयोजन

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कबीरधाम कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प, रोजगार मेला समय-समय पर आयोजित किया जाता है। कबीरधाम जिले के ऐसे निजी प्रतिष्ठान, संस्थाओं स्कूल, हॉस्पिटल, कम्प्यूटर, बीमा, माईक्रो फायनेंस, सेल्स, फेब्रिकेशन, सिक्योरिटी आदि क्षेत्र जो अपनी संस्था में रिक्त तकनीकी, नॉन तकनीकी पदों पर भर्ती करना चाहते है, उनसे मांगपत्र, रिक्तियॉ आमंत्रित है। मांगपत्र, रिक्तियों के संबंध में संस्था का नाम, पूर्ण पता, मोबाईल नंबर, संस्था का पंजीयन क्रमांक, जीएसटी नंबर, पेन कार्ड नंबर, ईमेल आईडी, संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर, पद संख्या, आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, वेतन एवं भत्ता, कार्यक्षेत्र अन्य जानकारी जो आवश्यक हो की पूर्ण जानकारी के साथ कार्यालय में माह जून 2025 की अंतिम तिथि तक प्रेषित कर सकते है।

### भारतीय जनता मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बने अरविन्द कुमार टंडन

**कोलेगांव।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर प्रकाश अनंत के अनुशंसा



पर अरविन्द कुमार टंडन निवासी धोरपेंड्री को भारतीय जनता मजदूर संघ कबीरधाम का जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस संघ का उद्देश्य संगठित व असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों व उनके परिवारों को कल्याण हेतु कार्य करना है। अनेक क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का अलग अलग संगठन बना हुआ है। चाहे वह शासकीय हो या प्रायवेट सभी क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों ने अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघ बनाया हैं। इसी तारतम्य में जिला कबीरधाम में अरविन्द कुमार टंडन को जिला कबीरधाम मजदूर संघ का अध्यक्ष बनाया गया है।

---

### कालाबाजारी करने बड़ी मात्रा में शहर सहित ग्रामीणों में डंप कराई जा रही है रेत

# मानसून पूर्व कवर्धा सहित जिलेभर में रेत का खेल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर सहित जिलेभर में इन दिनों कई लोग रेत की कालाबाजारी करने में जुटे हैं। हैरानी की बात यह है कि खुलेआम की जा रही इस कालाबाजारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हालांकि गत दिनो खनिज विभाग ने शिकायत के आधार पर कुण्डा में अवैध रेत खनन पर कार्यवाही की थी लेकिन यह नकाफी मानी जा रही है। जिला मुख्यालय अथवा आसपास रेत की कोई खदान तो नहीं है लेकिन वर्षा पूर्व कवर्धा शहर में भी जहां तहां रेत के टीले नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वर्षाकाल के दौरान रेत की कालाबारी की मंशा से कई मौका परस्त लोगों ने वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व शहर में लाखों रूपए की रेत डंप कर रहे है और अब वर्षाकाल में इससे कई गुना अधिक कमाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में बड़ी संख्या में हो रहे सरकारी तथा गैर सरकारी निर्माण कार्यो के चलते रेत की जबरदस्त मांग है। लेकिन मांग के अनुरूप कवर्धा क्षेत्र में अच्छी क्वालिटी की रेत का कोई स्त्रोत नहीं है।

जिसके चलते रेत दूसरे जिलों से यहां लाई जाती है। लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे जिलों की नदियों से निकालकर यहां लाई जा रही रेत भी ज्यादा दिनो तक नहीं निकल पायेगी जैसे ही वर्षाकाल प्रारंभ होगा और नदियों का जल स्तर बढ़ने से रेत की सभी खदाने नदी में समा जायेंगी और फिर रेत निकालने का कार्य बंद हो जायेगा।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कवर्धा नगर के कुछ मौका परस्त भवन निर्माण सामग्री विक्रेता और कारोबारी बड़ी मात्रा में रेत की खरीदी कर रहे है और खरीदी गई रेत को नगर के मुख्य मार्गो के किनारे से लेकर शहर के खाली पड़े प्लाटों, खेत, खलिहानो में डंप करा रहे है ताकि वर्षाकाल में जब नदियों से रेत निकलना बंद हो जाए तो वे इसे सामान्य से अधिक दाम पर जरूरतमंदों को बेंचकर रेत से तेल निकालते हुए चौखी कमाई कर सकें। एक अनुमान के मुताबिक अभी तक कवर्धा नगर में मौका परस्त भवन निर्माण सामग्री विक्रेता और कारोबारियों द्वारा लाखों रूपए की रेत डंप कराई जा चुकी है।

#### जिले के ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में भी जमकर रेत खनन



जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा की तरह जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में रेत का खेल चल रहा है। यहां भी मौका परस्त रेत के कारोबार से जुड़े लोग मानसून के सक्रिय होने के पूर्व स्थानीय नदी, नालों से बड़ी मात्रा में अवैध ढंग से रेत खनन कर उसे सुरक्षित कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक जिले के बोड़ला तथा पंडरिया क्षेत्र के नदी नालों में से प्रति दिन सैकड़ो ट्रैक्टर ट्राली रेत निकाली जा रही है।

#### विभाग करता है सिर्फ खाना पूर्ति कार्रवाई

ऐसा नहीं है कि जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में चल रहे इस अवैध रेत खनन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। चाहे अनचाहे वन विभाग इस पर कार्यवाही करते दिखाई देता है लेकिन यह सिर्फ खानापूर्ति कार्यवाही है। जबकि इस अवैध खनन से खनिज विभाग को मानो कोई सरोकार ही नहीं है। खनिज विभाग तो जिला मुख्यालय कवर्धा तक में यह जानने की जहमत नहीं उठाता कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में यहा रेत कहां से आ रही है।

---

## जिला पुलिस ने ग्राम भिभौरी के ग्रामीणों के साथ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भिभौरी में जन-जागरूकता बैठक का आयोजन गत 27 मई को किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना सहसपुर लोहारा प्रभारी लालमन साव एवं तहसीलदार विवेक गोहिया की संयुक्त टीम द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी, तहसीलदार विवेक गोहिया, थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव, ग्राम सरपंच जयप्रकाश कुम्भकार, समस्त वार्ड पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित हुए। बैठक का उद्देश्य ग्राम में व्याप्त देह व्यापार एवं अवैध शराब विक्रय जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम, इनके दुष्परिणामों से ग्रामीणों को अवगत कराना तथा जनचेतना का विकास करना था। बैठक में अधिकारियों ने विस्तार से समझाईश दी कि यह अवैध गतिविधियां ग्राम के विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं, युवाओं को गलत दिशा में ले जाती हैं, सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती हैं और ग्राम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं। सभी ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि वे स्वयं, अपने परिवार और समाज को इन बुराइयों से दूर रखें तथा यदि ऐसी कोई गतिविधि गांव में हो रही है, तो उसकी जानकारी तुरंत थाना लोहारा को दें। ग्राम सरपंच की अध्यक्षता में एक ग्राम स्तरीय निगरानी समिति के गठन की भी घोषणा की गई, जो गांव में सतत निगरानी रखेगी एवं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराएगी। यह समिति ग्रामीणों की भागीदारी से असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण हेतु सशक्त माध्यम बनेगी।

बैठक के अंत में पुलिस विभाग की ओर से समस्त ग्रामीणों को एक सख्त एवं स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या समूह देह व्यापार, अवैध शराब बिक्री अथवा अन्य किसी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कृत्यों में लिप्त व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। ग्राम की शांति, सुरक्षा और स्वच्छ सामाजिक वातावरण बनाए रखने हेतु सभी ग्रामवासी सजग रहें, कानून का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आपका सहयोग ही एक सुरक्षित एवं सशक्त समाज की नींव है।

---

## कबीरधाम के स्काउट गाइड ने बढ़ाया जिले का मान, राज्यपाल ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह गत 26 मई को रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट स्काउटर, उत्कृष्ट गाइडर, उत्कृष्ट रोवर, उत्कृष्ट रेंजर एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर कबीरधाम जिले के लिए गौरव का क्षण रहा, जब जिले की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे चार प्रतिभावान रेंजर पुष्पांजलि तिवारी, गाइड संस्कृति चंद्रवंशी, रोवर ओंकारेश्वर मरावी और स्काउट रोहित पटेल को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मानित किया। विगत दो वर्षों में आयोजित राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में जिले के कुल 110 स्काउट्स-गाइड्स एवं रोवर्स-रेंजर्स उत्तीर्ण हुए थे। जिनमें से चयनित इन चारों को राज्य अलंकरण में शामिल होने का मौका मिला। इस अवसर पर जिला सचिव एवं स्काउट मास्टर नीलम यदु समारोह में प्रतिभागियों के प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे, जिला सचिव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 48 स्काउट-गाइड एवं 2024-25 में 62 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर परीक्षा में सफल रहे। जिले में इस उपलब्धि पर जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) योगदास साहू, जिला आयुक्त (गाइड) सुमन धुर्वे सहित जिला संघ के पदाधिकारियों ने सफल सभी स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी, भगवती हठीले, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, संजू मिश्रा, रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू एवं रेंजर गाइड लीडर तामेश्वरी परते ने भी इन सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित राज्य युवा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ठाकुर ने भी सम्मानित युवाओं को शुभकामनाएं दीं। अलंकरण समारोह में संबोधन के दौरान राज्यपाल रमेन डेका जी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा समाज में आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, साइबर अपराध जागरूकता एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सक्रिय रोवर-रेंजर इकाइयों के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव को बधाई दी। समारोह में स्वागत भाषण राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने प्रस्तुत किया, जबकि आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित प्रदेशभर के स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर एवं स्काउट-गाइड बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सपोर्ट पर्सन इम्पैनलमेंट के लिए 15 जून तक आवदेन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज कवर्धा।** बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके पुनर्वास और जागरूकता कार्यों को मजबूती देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम द्वारा सपोर्ट पर्सन इम्पैनलमेंट 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह इम्पैनलमेंट पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 39 एवं नियम 2020 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत जिले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत योग्य एवं अनुभवी व्यक्तियों तथा संस्थाओं को चयनित किया जाएगा, जिन्हें पीड़ित बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ जागरूकता, परामर्श और पुनर्वास जैसे कार्यों में सहभागी बनाया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन तैयार कर 15 जून 2025 तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर अथवा संबंधित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

---

## वनांचल क्षेत्र चिल्फी के बासिंदे लो वोल्टेज तथा बिजली कटौती से त्रस्त

### विभागीय अधिकारी इस अव्यवस्था को समस्या मानने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फी

एक तो इन दिनो पड़ रही भीषण और जीवलेवा गर्मी और उस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था ने पूरे जिले के उपभोक्ताओं को हलाकान तथा परेशान कर दिया है। क्या जिला मुख्यालय कवर्धा और क्या ग्रामीण तथा वनांचल हर जगह के उपभोक्ताओं का सिर्फ एक ही रोना है कि उन्हे सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है तथा लाख शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है। ऐसी ही शिकवा शिकायत अब जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम चिल्फी से निकलकर सामने आ रही है। उपभोक्ताओं के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी उन्हें सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराने में पूरी तरह से असक्षम साबित हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एक तो दिन में कई-कई घंटे बिजली गुल रखी जा रही है और बिजली आपूर्ति बहाल भी होती है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा कूलर चल ही नहीं पाते। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि इस संबंध में जब विद्युत विभाग के जेई से शिकवा शिकायत की जाती है तो वे इसे समस्या मानने को ही तैयार नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता समझ नहीं पा रहे हैं कि जब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही अपनी जिम्मेदारियों बचने के लिए समस्या को ही समस्या नहीं मान रहे हैं तो समस्या का समाधान कौन करेगा। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने अब प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी की विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास योजना के अपात्र हितग्राहियों के नाम विलोपित करने से पूर्व दावा आपत्ति आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास के अपात्र हितग्राहियों का नाम ग्राम सभा से अनुमोदन होने के बाद जनपद पंचायत बोड़ला के 314 हितग्राही, जनपद पंचायत पंडरिया के 157 हितग्राही एवं जनपद पंचायत स.लोहारा के 10 हितग्राही सहित कुल 481 अपात्र हितग्राहियों का नाम आवास पोर्टल से विलोपित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसके आधार पर आपत्र हितग्राहियों का नाम आवास सूची से विलोपित किया जाएगा। ग्राम सभा द्वारा किए गए अपात्र हितग्राहियों की सूची संबंधित जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है साथ ही जिला कबीरधाम के वेब साईट में भी अपलोड किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत आवास के आपत्र हितग्राहियों की सूची शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा द्वारा पारित किया गया है। सूची अनुसार आपात्र हितग्राहियों का नाम विलोपित किया जाएगा। इसी कड़ी में दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है, यदि किसी भी हितग्राही को उनका नाम विलोपित करने पर आपत्ति हो तो 29 मई 2025 गुरूवार शाम 5 बजे तक आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय या फिर कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकते है।

---

### वर्षा ऋतु में खाद्यान्न उपलब्धता को लेकर आने वाली संभावित परेशानियों से राहत मिलेगी

## जून से अगस्त तक पात्र परिवारों को मिलेगा तीन माह का एकमुश्त चावल

- अन्य सामाग्री का होगा मासिक वितरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत आम जनता को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए संचालनालय खाद्य विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के समस्त राशनकार्डधारी परिवारों के लिए आगामी तीन माह जून, जुलाई और अगस्त 2025 के लिए राशन सामग्री वितरण का कार्यक्रम जारी किया गया है। यह वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्रता रखने वाले समस्त राशनकार्डधारियों को चांवल का एकमुश्त वितरण किया जाएगा, जिसकी अवधि 1 जून 2025 से 30 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है कि हितग्राहियों को तीन माह जून से अगस्त 2025 की पात्रता अनुसार चांवल एक साथ वितरित किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत चांवल के अलावा अन्य खाद्यान्न सामग्री जैसे शक्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण पूर्ववत मासिक आधार पर ही किया जाएगा। इन सामग्रियों का वितरण माह जून से अगस्त 2025 के दौरान शासन से प्राप्त पृथक-पृथक मासिक आबंटन के अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्य शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक खाद्यान्न सामग्री का पूर्व भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश सिविल सप्लाय कॉरपोरेशन एवं खाद्य विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की विलंब या बाधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार पात्र परिवारों को चांवल का एकमुश्त वितरण आगामी माह जून में किया जाएगा, जबकि अन्य सामग्री का वितरण मासिक रूप से होगा। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने निर्धारित वितरण अवधि में उचित मूल्य दुकान से राशन सामाग्री प्राप्त कर लें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों में समस्त उचित मूल्य दुकानदारों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि हितग्राहियों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण राशन सामाग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, राशन वितरण केंद्रों पर पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु सतत निगरानी रखी जाएगी। इस व्यवस्था से जिले के लाखों राशनकार्डधारी परिवारों को समय पर खाद्यान्न प्राप्त होगा, जिससे वर्षा ऋतु में खाद्यान्न उपलब्धता को लेकर आने वाली संभावित परेशानियों से राहत मिलेगी।

---

## पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष होरीराम साहू, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अगम अनंत, अगम दास अनंत, सीता धुर्वे पार्षद, भीषण शर्मा, जलेश्वर यादव, रामायण सिंहा, जयंत जायसवाल, डोगेंद्र सेन, अश्वनी कौशिक, राजकुमारी यादव, कुंती साहू, दुर्गेश्वरी गंधर्व, देव साहू और अमन दुबे सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया। महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अगम अनंत ने कहा कि पंडित नेहरू ने महिलाओं के अधिकारों के लिए भी काम किया और उन्हें समाज में समानता का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया।

कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि पंडित नेहरू की विरासत आज भी हमें प्रेरित करती है और हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और कार्यों पर चर्चा की और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का समापन सुरेश वर्मा मिडिया प्रभारी ने पंडित नेहरू के सम्मान में राष्ट्रीगीत के साथ किया।